जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र,
बालोद (छ.ग.)
कार्यालय फोन नं. 07749–299509
Email – deobalod223@gmail.com

//प्रेस विज्ञप्ति//

:: अग्निवीरवायु भर्ती हेतु ऑनलाईन पंजीयन/आवेदन ::

भारतीय वायुसेना द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के अविवाहित पुरूष एवं महिला उम्मीदवारों के लिए अग्निवीरवायु सैनिक के पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। उम्मीदवार ऑनलाईन पंजीयन/आवेदन हेतु **भारतीय वायुसेना के वेबसाईट https://agnipathvayu.cdac.in में दिनांक 07 जनवरी 2025 से 27 जनवरी 2025 तक पंजीयन/आवेदन** कर सकते है। इच्छुक उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता कक्षा 12वीं/इंजीनियरिंग डिप्लोमा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक एवं अंग्रेजी विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। उम्मीदवार की जन्मतिथि दिनांक 01 जनवरी 2005 से 01 जुलाई 2008 के मध्य होना चाहिए। उम्मीदवार की न्यूनतम ऊंचाई 152 सेमी. होना चाहिए। उम्मीदवार को चयन हेतु कम्प्यूटर आधारित ऑनलाईन लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा, अनुकूलन दक्षता परीक्षण एवं चिकित्सा परीक्षण में उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। ऑनलाईन परीक्षा के लिए रू. 550.00 एवं जीएसटी शुल्क निर्धारित है। अधिक जानकारी के लिए वायुसेना के वेबसाईट **https://agnipathvayu.cdac.in** या दूरभाष क्र. 011–25694209/25699606 तथा जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बालोद से या कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07749–299509 से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

जिला रोजगार अधिकारी
बालोद (छ0ग0)

क्रमांक/रोकाबा/वा.से.–अग्निवीरवायु/2025/

बालोद, दिनांक 10.01.2025

प्रति,

सहायक संचालक,
जिला जनसंपर्क
जिला बालोद (छ.ग.)

विषय :– अग्निवीरवायु भर्ती के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु प्रेस विज्ञप्ति का प्रकाशन बाबत्।

———000———

विषयान्तर्गत कृपया उक्त विज्ञप्ति, बालोद जिले के युवाओं के सूचनार्थ/व्यापक हित हेतु स्थानीय एवं प्रादेशिक दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करेंगे।

जिला रोजगार अधिकारी
बालोद (छ0ग0)

क्रमशः 2 पर ......